INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	Department: Hindi (2nd Lang)	Date of submission:
Question Bank, Grammar	Topic: **-यह सबसे कठिन समय नहीं , वाक्यांश,उपसर्ग**	Note: Pls. write in your Hindi note book

अति लघु उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न 1. 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता किसने लिखी है ?

उत्तर = 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता जया जादवानी ने लिखी है ।

प्रश्न 2. 'गंतव्य' शब्द का क्या अर्थ है ?

उत्तर = 'गंतव्य' शब्द का अर्थ है मंजिल ।

प्रश्न 3. बस किसके पार की दुनिया से आएगी ?

उत्तर = बस अंतरिक्ष के पार की दुनिया से आएगी ।

प्रश्न 4. समय के लिए किस विशेषण का प्रयोग हुआ है ?

उत्तर = समय के लिए 'कठिन' विशेषण का प्रयोग हुआ है ।

लघु उत्तरीय प्रश्न -

1- घर न लौटने पर किस समय प्रियजन चिंतित हो जाते हैं ? आखिर क्यों ?

उत्तर- सूर्यास्त के समय तक घर न लौटने पर प्रियजन चिंतित हो जाते हैं क्योंकि सूर्य डूबने के बाद तो रात हो जाती है और रात में बाहर रहना सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं होता है|

2- बूढ़ी नानी सदियों से कहानियाँ क्यों सुनाया करती होगी ?

उत्तर- बूढ़ी नानी द्वारा सदियों से कहानियाँ सुनाए जाने के कई उद्देश्य हैं- पहला तो यह कि बच्चों का स्वस्थ मनोरंजन होता है | कहानियाँ सुनने के बाद वे

शरारतें भूलकर शांत हो जाते हैं| दूसरा यह कि उन्हें जीवन की अनेक शिक्षाप्रद बातों का ज्ञान होता है|

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -

1 - यह सबसे कठिन समय नहीं कविता का मूल उद्देश्य क्या है ?

उत्तर- कविता का मूल उद्देश्य है कि जीवन में किसी समय को कठिन नहीं समझना चाहिए। व्यक्ति यदि प्रयत्न करें तो उसे प्रत्येक दुख से निकलने का अवसर मिल जाता है। कठिन समय मानकर व्यक्ति को हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। उसे विश्वास रखना चाहिए कि अँधेरे के बाद प्रकाश अवश्य होता है। इसी तरह बुरे समय के बाद अच्छा समय भी आ जाता है।

2 - आपके विचार में कठिन समय किसका द्योतक (प्रतीक) है ?

उत्तर- हमारे विचार में कठिन समय दुःख का द्योतक है। यह दुःख मानव को हिला कर रख देता है। उसका विश्वास टूटने लगता है। तब वह हर पल को कठिन मानता है। वह अपनी ताकत को न तो पहचान पाता है और न ही उसके लिए प्रयत्न कर पाता है। वह कठिन समय को जीवन का दुःख मानकर उसे सहन करना ही उचित मानता है।

==

व्याकरण

निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए

क्रमांक	उपसर्ग	अर्थ	उपसर्ग से बने शब्द
1	अति	अधिक	अतिरिक्त, अत्यंत
2	आ	तक	आजन्म , आदान
3	अनु	पीछे	अनुशासन, अनुगमन
4	प्रति	हरेक ,उलटा	प्रतिदिन , प्रतिक्रिया

5	सम	समान	समकोण , समकालीन
6	सह	साथ	सहपाठी, सहमति
7	नि	बिना	निडर , निहत्था
8	अध	आधा	अधपका, अधखिला
9	भर	पूरा	भरपूर, भरमार
10	बिन	बिना	बिनकहे, बिनखाए

वाक्यांश

1	अपने देश से दूसरे देश में सामान जाना	**निर्यात**
2	दूसरे देश से अपने देश में सामान आना	**आयात**
3	जो कभी न मरे	**अमर**
4	आज्ञा का पालन करने वाला	**आज्ञाकारी**
5	आँखों के सामने	**प्रत्यक्ष**
6	अभिनय करने वाला पुरुष	**अभिनेता**
7	अनुचित या बुरा आचरण करने वाला	**दुराचारी**
8	अपना हित चाहने वाला	**स्वार्थी**
9	अपने देश से प्यार करने वाला	**देशभक्त**
10	ऊपर कहा हुआ	**उपर्युक्त**
11	ईश्वर में आस्था रखने वाला	**आस्तिक**
12	एक भाषा की लिखी हुई बात को दूसरी भाषा में लिखना	**अनुवाद**
13	एक महीने में होने वाला	**मासिक**

14	एक सप्ताह में होने वाला	**साप्ताहिक**
15	कम जानने वाला	**अल्पज्ञ**
16	कम बोलनेवाला	**मितभाषी**
17	कम अक्ल वाला	**अल्पबुद्धि**
18	किसी के बाद उसकी संपत्ति प्राप्त करने वाला	**उत्तराधिकारी**
19	कुछ जानने या ज्ञान प्राप्त करने की चाह	**जिज्ञासा**
20	जिस पर विश्वास न किया जा सके	**अविश्वनीय**

गृह कार्य

1-अपने पिता जी से रुपए मँगवाने के लिए पत्र लिखिए ।

2 'गणतंत्र दिवस' पर अनुच्छेद लिखिए ।

****